

एक नजर में

## आज मनेगा विश्व ध्यान दिवस श्री गणेश व्यायामशाला में



**बदनावर.** रविवार को सुबह 8:00 बजे विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष में प्रख्यात वक्ता और विश्व रिकॉर्ड धारी शोध करता ओम प्रकाश जी टेलर भारतीय द्वारा 1 घंटे का विशेष ध्यान दिवस पर व्याख्यान दिया जाएगा साथ ही वर्तमान विषय में बहुत कम उम्र में आ रहे हृदय घात विषय पर हम कैसे 3 माह में इस बीमारी को मात दें। इस विषय पर ओमप्रकाश जी टेलर ने शोध कार्य किया है ।उसका सारांश बताया जाएगा बदनावर के सभी सभी सुधी जन समय निकालकर अवश्य पधारे ।और इस अद्भुत ध्यान दिवस पर अपने शरीर को निरोगी कर तेजस्वी जीवन जिए। उपरोक्त जानकारी श्री गणेश वायामशाला प्रमुख श्री प्रहलाद जी यादव ने दी

## कबड्डी टीम का चयन सफलतापूर्वक किया



**नागदा ( धार )** मुख्य अभियता इन्दौर क्षेत्र के निर्देश पर धार व्रत अधीक्षक यंत्री आशीष आचार्य के मार्गदर्शन में बदनावर संभाग द्वारा नागदा में म.प्र.क्षे.वि.वि.क.लि. इन्दौर क्षेत्र की कबड्डी टीम का चयन सफलतापूर्वक किया गया। स्पर्धा पूर्व म.प्र.क्षे.विवि.कं.लि. बदनावर संभाग के कार्यपालन यंत्री विपिन ठाकुर, सहायक यंत्री मयूर सक्सेना एवं श्रीमती स्मृति द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। अतिथियों का स्वागत स्पर्धा सचिव राजेन्द्रसिंह चोहान, संजय कुलकर्णी, शालिग्राम पँवार, अवधेश यादव, जनपद सदस्य राजेन्द्रसिंह पटेल, आजाद चैहान, भुपेन्द्र बोस, राहुल पँवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री विपिन ठाकुर ने स्वस्थ भावना से खेलते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि सिंगाजी क्षेत्र में आयोजित होने वाली अंतर क्षेत्रिय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु 12 उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया। उक्त जानकारी स्पर्धा सचिव धार व्रत राजेन्द्रसिंह चोहान ने दी।

## आदिवासी नेता नारायण भिड़े ने आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत कार्य की मांग को लेकर मंत्री निर्मला भूरिया से की मुलाकात



**कुक्षी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य आदिवासी नेता नारायण सिंह भिड़े ने भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से विशेष मुला?ात की.इस दौरान कुक्षी-डही क्षेत्र के जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत कार्य किये जाने की मांग के साथ धार जिला व कुक्षी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया है.मंत्री सुश्री भूरिया नें सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया.मंत्री से भेंट के उपरांत आदिवासी नेता नारायण भिड़े ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम से भी मुलाकात की। इस बैठक में आदिवासी अंचलों में संगठन की मजबूती और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने की रणनीति पर विस्तृत विमर्श हुआ। भिड़े ने क्षेत्र में चल रहे सामाजिक कार्यों और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी प्रदेश अध्यक्ष के साथ साझा की।

## अवधूत श्री दादागुरु का 21 को कुलदेवी मंदिर भवरिया,कुक्षी में शुभागमन



**कुक्षी।** माँ नर्मदा, धर्म, धरा, धेनु, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण - संवर्धन के लिए पूर्ण समर्पित अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादागुरु भगवान की निराहार माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा धार जिले के नर्मातटीय क्षेत्र में जारी है। 20 को दोपहर में उन्होंने धार जिले के कवड़ा हनुमान मंदिर से प्रस्थान किया तथा उनका रात्रि विश्राम डही में मंडी परिसर में हुआ। आज प्रात: वे डही से 21 को प्रस्थान कर दोपहर पड़ियाल के शिव मंदिर पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम कुक्षी तहसील के खंडवा बड़ौदा मार्ग स्थित ग्राम भवरिया के कुलदेवी माता मंदिर परिसर में करेंगे। वे 22 दिसंबर 2025 को प्रात: भंवरिया से प्रस्थान कर दोपहर लिंगवा के गायत्री मंदिर पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम मलवाड़ा नर्मदा मंदिर में करेंगे,23 दिसंबर से उनकी परिक्रमा यात्रा मनावर तहसील के नर्मदा तटीय क्षेत्र में प्रवेश करेगी ।

## रविवार को पत्रकारों का मिलन एवं शपथ समारोह

**मनावर।** रविवार 21 दिसंबर को धामनोद में प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारों का मिलन एवं शपथ समारोह आयोजित किया गया है। प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष दीपेश सिंह चौहान ने बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मयंक अवस्थी तथा विशेष अतिथि धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष छोटू शास्त्री, जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अरुण सक्सेना, मध्यप्रदेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ.नवीन आनंद जोशी तथा उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव शामिल रहेंगे। धामनोद प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रकाश जोशी तथा सचिव महेंद्र सिंह तंवर ने इस गरिमामय समारोह में जिले के पत्रकारों को शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम धामनोद के साईं मैरेज गार्डन में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

## द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में 34 वीं वाहिनी में किया गया ध्यान

**धार (निप्र.)** 20 दिसम्बर शनिवार को 34 वी वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, धार के परेड ग्राउण्ड में द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में तनावमुक्ति एवं ध्यान केन्द्र के द्वारा %हर दिल ध्यान- हर दिन ध्यान% की थीम पर 20 मिनट ध्यान साधना की गई। जिसमें हार्टफुलनेस संस्थान के प्रशिक्षक आनंद रणधीवे, श्री धीरजमल जैन एवं योगेश प्रजापत के द्वारा ध्यान करवाया गया।

# राजेंद्रसुरी द्विशताब्दी रथ यात्रा का टांडा में भव्य स्वागत

## मुनिराज डॉ .लाभेश विजयजी म . सा . की प्रेरणा से चल रहे पंच वर्षीय कार्यक्रम के अंतर्गत हस्त निर्मित 421 गुरुदेव के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई

### जैन श्री संघ ने की आगवानी

**टांडा धार / त्रिस्तुतिक परंपरा को पुर्नर्स्थापित कर भारत भर में त्रिस्तुतिक का डंका बजाने वाले कलिकाल कल्पतरु, सर्वज्ञ, अभिधान राजेन्द्र कोष के रचयिता, प्रातः स्मरणीय पूज्य गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराज साहेब की दो सौ वी जन्म शताब्दी का 199 वा वर्ष दिनांक 27 दिसंबर शनिवार को है और 28 दिसम्बर रविवार से 200 वा जन्म वर्ष प्रारंभ हो रहा है।**



200 वर्ष पूर्व राजस्थान के भरतपुर में श्रेष्ठीवर्य श्री ऋषभदासजी के कुल में केसरबाई की कोख से पौष सुदी सप्तमी को गुरूदेव का जन्म हुआ था। प्रमोद सूरीजी से दीक्षित होकर संयम पथ पर चलते हुए अनेक प्रांतों में पैदल विचरण किया। आपने कई ग्रंथो की रचना की। जिनमें अभिधान राजेन्द्र कोष अदभुत व विश्व वंदनीय ग्रंथ है। कई मूर्तियो की अंजनशलाका व प्राण प्रतिष्ठा की ।अनेक मन्दिरो का जीर्णोद्धार, क्रियोधार कराया। उग्र तपस्वी, स्पष्ट वक्ता, भविष्य के जानकार तथा शुद्ध साध्वाचार व कठोर क्रिया पालक थे। संयोग से आप की जन्म तिथि पौष सुदी सप्तमी को ही देवलोक गमन पुण्य तिथि है ।दो सौ वी जन्म शताब्दी वर्ष को यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए कोकण केसरी आचार्य श्रीमद विजय लेखेंद्र सूरीश्वरजी म. सा. के शिष्य मुनिराज डॉ.लाभेष विजयजी म.सा. ने पंच वर्षीय कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमे वर्ष 2022 में गुरूदेव पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमे देश भर से 450 से अधिक लोगो ने राजेंद्रसूरीजी के चित्र की पेंटिंग बनाई थी। 2023 में श्री राजेंद्र सुरी प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता , 2024 में 1लाख 8 हजार जाप प्रत्येक श्रद्धालु से कराए गए। 2025 मे वर्ष 2022 में चित्र प्रतियोगिता में आए 421 चित्रों की रथयात्रा के माध्यम से प्रदर्शनी देशभर के विभिन्न राज्यों के विभिन्न शहरों , गांवो में लगाई जा रही हे ।उक्त प्रदर्शनी रथ 18 दिसंबर को टांडा पहुंची। यहां जैन आराधना भवन में 421 चित्रों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। 19 दिसंबर शनिवार को सुसज्जित रथ में गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सूरीश्वरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, धूप - दीप प्रज्ज्वलित समाज अध्यक्ष पारस जैन तथा कोषाध्यक्ष पारस हरण ने किया। ततपश्चात शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। इस दौरान जैन तथा अन्य धर्मावलबियो ने गुरुदेव की प्रतीमा के सम्मुख अक्षत, श्रीफल से गहुली की । रथयात्रा पुन: जैन मंदिर पहुंची। जहां प्रदर्शनी का उदघाटन फीता खोल कर श्रीमती सूरज बाई शोभागमालजी लोढ़ा परिवार के श्री राजेंद्र लोढ़ा - सुरेश लोढ़ा ने किया। प्रदर्शनी में आकर्षक पालने में विराजित गुरुदेव की प्रतिमा की पंच प्रकारी पूजन धूप, दीप, पुष्प, नेवेद्ध, फल से पूजन कर गुरुदेव का पालना झुलाया गया। ततपश्चात आरती की गई। जिनका लाभ सुरजबाई शोभाग्मल जी लोढ़ा परिवार ने च?वा बोलकर लिया। टांडा श्रीसंघ ने 421 चित्रों की अदभुत प्रदर्शनी को निहार कर मुनिराज डॉ.लाभेष विजयजी म. सा. की अनुमोदना की

रथ यात्रा संचालक पुना के श्री राजू नाणेशा जैन ने बताया की जनवरी 2025 को पुना में पूज्य म.सा. लाभेष विजय जी ने मांगलिक श्रवण करवाकर रथ यात्रा रवाना करवाई थी। जो कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान होकर मध्य प्रदेश मालवा में आई है। जगह जगह रथ यात्रा का भव्य स्वागत हो रहा है। 27 दिसंबर शनिवार पौष सुदी सप्तमी को गुरुदेव की अंतिम संस्कार स्थली श्री मोहनखेड़ा तीर्थ पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहां देशभर से गुरुसप्तमी पर्व पर आने वाले हजारों भक्त प्रदर्शनी का अवलोकन कर गुरुदर्शन का लाभ लेकर पुण्य अर्जन करेंगे। पश्चात यहां से मध्य प्रदेश के अन्य गांवों तथा शहरों में प्रदर्शनी लगाते हुए पुन: पुना पहुंचेगी।

आगामी कार्यक्रम के तहत वर्ष 2026 में भारत भर में राजेंद्र सूरीजी की गुरु प्रतिमाओं का अभिषेक करवाया जायेगा ।टांडा जैन श्रीसंघ की ओर से रथ यात्रा संचालक राजू जी नानेषा तथा उनकी टीम का बहुमान किया गया। जैन श्री संघ तथा अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद, तरुण परिषद, महिला परिषद, बहु परिषद, आदर्श सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### गुरुकुल एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

नगर में संचालित गुरुकुल एकेडमी के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने जैन आराधना भवन पहुंचकर गुरुदेव राजेंद्र सूरीजी के विभिन्न 421 चित्रों की प्रदर्शनी को निहारा तथा राजेन्द्र सूरीजी के बारे में जानने की जिज्ञासा की। प्राचार्य अमित पगारिया, अल्पेश लोढ़ा तथा रथ संचालक राजू जी नाणेशा ने छात्र छात्राओं के प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा पूरी की ।रथयात्रा टांडा से धार की और जाएगी ।यात्रा संचालक राजू जी नाणेशा ने सभी का आभार माना।इस अवसर पर जैन श्री संघ की ओर से नवकारसी रखी गई थी।शाम को महा आरती के बाद प्रदर्शनी रात 10 बजे तक दर्शनार्थ रखी गई ।

# आज नगर में ऐतिहासिक महामंगलिक का आयोजन

- सभी धर्म प्रेमियों को महामांगलिक श्रवण करने की अपील



**बदनावर .** धर्म में श्रद्धा का बहुत महत्व है हम जितना भी धर्म करें थोड़ा या ज्यादा पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से करना चाहिए धर्म में भाव शुद्धि अति आवश्यक है भाव के बिना क्रिया अधूरी रहती है अत: किया गया सभी धर्म हमें पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से करना चाहिए , कल नगर में होने वाली महा मंगलिक ऐतिहासिक होगी इसका श्रवण करने से आधि, व्याधि और उपाधि दूर होती है विगत कई वर्षों में अब तक हजारों श्रद्धालुओं ने इसका श्रवण कर लाभ उठाया है अत: आप सभी से भी मेरा यही आग्रह है कि इस महा मांगलिक का आप सभी श्रवण करें

उक्त प्रवचन आचार्य श्री विश्वरत्न सागर जी महाराज साहब ने जैन धर्मशाला में हुई धर्म सभा में कहे।

कल होगी महा मांगलिक दिनांक 21 दिसंबर रविवार को यश कॉलेज परिसर में आचार्य श्री की महामांगलिक होने वाली है जिसमें हजारों श्रद्धालु पहुंचकर इस महा मांगलिक का श्रवण कर लाभ उठाएंगे इस हेतु इस परिसर में भव्य तैयारीयां की जा रही है ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए धर्म सभा के लिए विशाल पंडाल की व्यवस्था की गई है साथ ही सभी श्रद्धालुओं के भोजन के लिए स्वधर्मिक वात्सल्य का भी आयोजन किया गया है इस हेतु भी विशाल एवं भव्य पंडाल बनाया गया है।

यह होंगे अतिथि -रमेश जी हरण अध्यक्ष श्रमण आरोग्य जीतो श्री ललित जी गांधी अल्पसंख्यक आर्थिक विकास मंडल राज्य मंत्री महाराष्ट्र सरकार कमलेश सजोतिया उपाध्यक्ष जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन श्री नरेंद्र जी श्रीमाल उपाध्यक्ष जैन इंटरनेशनल अपेक्स श्री दौलत जी जैन पूर्व उपाध्यक्ष पशु कल्याण बोर्ड भारत सरकार। यह होंगे कार्यक्रम प्रात: 8:00 बजे नवकारसी एवं 10:30 बजे से साधर्मिकवात्सल्य शुभ मुहूर्त 12.39 में महा मंगलिक होगी इसके पूर्व आचार्य श्री के प्रवचन एवं अतिथियों का उद्बोधन भी होगा

शनिवार दोपहर में श्री लक्ष्मी गौशाला ट्रस्ट की विनती स्वीकार कर आचार्य श्री मुनि मंडल एवं श्री संघ के सदस्यों के साथ लक्ष्मी गोशाला पहुंचे एवं यहां की व्यवस्था आदि की जानकारी लेकर संतुष्ट हुए यहां पर आपने मांगलिक का श्रवण भी करवायागौशाला पहुंचने पर श्री लक्ष्मी गौशाला के ट्रस्टी यो ने आपकी अगवानी की

# हिंदू संगम 4 जनवरी को , नगर में बस्तियों में भूमि पूजन

**बदनावर ।नगर में लगातार सेवा कार्य किया जा रहे हैं हिंदू जन जागरण को लेकर भी कई कार्य वर्षों से चल रहे है ।उसी कड़ी मैं हिंदू समाज ने हिंदू संगम के आयोजन की आज नींव रखी । और हिंदू संगम की तैयारी को लेकर आज नगर की चारों बस्तियों में हुआ कार्यक्रम स्थल का।भूमि पूजन**



बदनावर नगर में हिंदू समाज के द्वारा हिंदू संगम का आयोजन नगरीय क्षेत्रों में बस्ती अनुसार 4 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है इस वृहद कार्यक्रम हेतु हिंदू समाज पूर्व तैयारी में लगा हुआ है। भारत माता का चित्र पत्रक और संघ के बारे में जानकारी देने का कार्य भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किया जा रहा है

साथ ही आगामी कड़ी में रुद्राक्ष और भगवा ध्वज पताका का वितरण का कार्य भी घर-घर जाकर किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर समस्त सनातन धर्म प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में आज विवेकानंद बस्ती शिवाजी बस्ती में शनिवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया जिसमें बस्ती से गणमान्य और वरिष्ठ समाज जन सम्मिलित हुए ।और विधिवत पूजा पाठ कर स्थान का भूमि पूजन किया गया। ज्ञात रहे संघ का शताब्दी वर्ष है या इसमें संघ के द्वारा कई समाज सुधार के कार्य किए गए संघ द्वारा पांच परिवर्तन विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन्हीं कार्यक्रमों से प्रेरित होकर हिंदू समाज ने हिंदू संगम का आयोजन निश्चय किया और संघ परिवार का आभार माना।

# सेवा भावना जब व्यापार का संस्कार बन जाती है

**नागदा ( धार )।** सेवा भावना जब व्यापार का संस्कार बन जाती है, तब वह समाज निर्माण की मजबूत नींव रखती है। किराना व्यापारी संघ नागदा इसी भावना का जीवंत उदाहरण है, जिसने व्यापार के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दायित्वों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन किया है। शिक्षा के क्षेत्र में संघ की सक्रिय भूमिका समाज को नई दिशा देने वाली है और यह अन्य संगठनों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। दिवंगत हिरालाल सोलंकी पत्रकार व कालुराम कुमावत



प्रतिष्ठित व्यापारियों को मरणोपरांत व्यावसायिक रत्न अलंकरण से सम्मानित किया जाना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके सेवा, समर्पण और समाज के प्रति आजीवन योगदान का ससम्मान स्मरण है। उक्त बातें किराना व्यापारी संघ नागदा द्वारा शनिवार को सोमनाथ गार्डन नागदा में आयोजित व्यापारी संघ के पद अलंकरण सम्मान एवं मिलन समारोह में



दोनो ही दिवंगत व्यापारियों को श्रद्धांजली देते हुए मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी बदनावर प्रियंका मिमरोट ने कही। अध्यक्षता कर रहे एसडीओपी बदनावर अरविन्दसिंह तोमर, विशेष अतिथि तहसीलदार सुरेश नागर, नायब तहसीलदार सुनील पीडियार, थाना प्रभारी कानवन गगन हनवत, संघ अध्यक्ष राजेन्द्र बोकडिया द्वारा माँ लक्ष्मी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व दिवंगत हिरालाल सोलंकी, कालुराम कुमावत के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथियों का स्वागत संघ के राजमल राठौड़, अशोक सोलंकी, विमल कोठारी, राजु सुराना, मुफज्जल हुसैन बोहरा, कमलेश पगारिया व संघ सदस्यों ने पुष्प माला पहनाकर किया। स्वागत उद्बोधन राजेन्द्र बोक?िया ने देते हुए संघ द्वारा किये गए कार्यो की जानकारी देते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजली अर्पित की। वहीं पूर्व सरपंच गोरधनलाल राठौड़, संघवी संतोष मेहता, पूर्व सरपंच सुनिल साँखला, डॉ. लोकेश ज?िया, तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष गोवर्धनसिंह डोडिया ने भी दिवंगतों के जीवन पर प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा दिवंगतों के परिवारजन अशोक सोलंकी, रतन कुमावत का शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। अभिनंदन पत्र का वाचन संघ के अनिल नाहर ने किया।

**एक नजर** ▶ श्रद्धेय अटलजी की जन्म शताब्दी वर्ष एवं वीर बाल दिवस पर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की जिला कामकाजी बैठक

**धार ।** भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक होटल रुद्राक्ष तेजपुरा धार में शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी एवं वीर बाल दिवस के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा,केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, धार विधायक नीना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार मेडा, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोंदीया, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोमानीं, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया





व मु?मसिंह निगवाल अतिथि रुप में मंचासीन थे।

कार्यक्रम में अतिथियो का दुपट्टा पहनाकर व मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद जिला कार्यकारिणी में शामिल नवीन पदाधिकारियों का मंडलो के अध्यक्षो द्वारा स्वागत किया गया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा की भाजपा निष्ठावान एवं ईमानदार पार्टी है, जिसकी बदौलत आज यह प्रदेश-देश तथा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई है। एक समय था जब भाजपा में मात्र





दो ही सांसद थे। दो सांसदों से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सफर संघर्षों से भरा हुआ है। जिसमें ईमानदार, कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ताओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

आज पार्टी केंद्र एवं देश के विभिन्न प्रांतों में अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की योजनाओं के माध्यम से जनजन को लाभान्वित कर रही है। भाजपा की रीढ़ कार्यकर्ता हैं जो हर बूथ पर रहकर जमीनी स्तर से पार्टी को जिताते हैं। इसलिए हम सभी यह संकल्प लें कि अपना बूथ मजबूत करेंगे और पार्टी को शिखर तक ले जाएंगे। हम पुराने जमाने मे साइकिल से भ्रमण कर कार्यकर्ताओ से मिलकर संगठन का काम करते थे। न वाहन की सुविधा थी और न ही रहने व खाने पीने की। पर उस समय के नेताओ में संगठन मजबूती का भाव था। यही कारण है कि हम सबसे ब?ा संगठन बनकर उभरे। केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने बैठक में कुशाभाऊ ठाकरे जी को याद करते हुए कहा कि देश प्रदेश में जो गांव-गांव तक संगठन दिखाई देता है तो उसके पीछे का तप, परिश्रम ठाकरे जी का था।

केंद्र में मोदी जी और राज्य में डॉ मोहन यादव की डबल इंजन' सरकार की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें मिलकर गांवों को विकास का केंद्र बना रही हैं।